भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1967
(दिनांक 12.02.2021 को उत्तर देने के लिए)

टी.वी. ट्रांसमीटर

1967. श्री प्रतापराव जाधव:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में और विशेष तौर पर पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों में आज की तारीख तक स्थापित और संचालित टी.वी. ट्रांसमीटरों की संख्या क्या है;

(ख) क्या वित्तीय और तकनीकी मंजूरी न मिलने के कारण अनेक परियोजनाएं लंबित हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार, विशेष रूप से पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त लंबित परियोजनाओं को कब तक मंजूरी दी जाएगी; और

(ङ) उन पर राज्य-वार/स्थान-वार निर्माण कार्य कब तक आरंभ होने की संभावना है?

उत्तर
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन; सूचना और प्रसारण तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री
(श्री प्रकाश जावडेकर)

(क): वर्तमान में, अलग-अलग क्षमताओं (उच्च शक्ति और निम्न शक्ति ट्रांसमीटर) के 589 टीवी ट्रांसमीटर देश के पिछड़े और ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश के विभिन्न भागों में कार्य कर रहे हैं।

(ख) से (ङ): वित्तीय और तकनीकी स्वीकृति के अभाव में वर्तमान में कोई परियोजना लंबित नहीं है।

*****